संलग्नक 2.1

# प्रारुप–11

परियोजना का नाम– हंसीढुंगा गुजरकोट ग्राम समूह पंपिग पेयजल योजना।

**प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता**

हंसीढुंगा गुजरकोट ग्राम समूह पंपिग पेयजल योजना (स्वीकृत लागत रु0 3470.91 लाख) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 352/उन्तीस(2)/19–2 (135पे0) 2006 दिनांक 08.03.2019 के माध्यम से प्राप्त है। यह पेयजल योजना जनपद अल्मोडा के विकासखण्ड सल्ट में चौडी घट्टी– हरडा, चौडी घट्टी– चरी क्यारी एवं चौडी घट्टी– घट्टी मोटर मार्गों के आसपास के ग्रामों में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित की जा रही है। क्षेत्र में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के अत्यंत जीर्ण शीर्ण हो जाने के कारण ग्राम वासियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पेयजल की अनुपलब्धता से क्षेत्र में पलायन बढा है। पेयजल योजना के निर्माण के पश्चात ग्रामवासियों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा एवं पलायन को रोकने में सहायता मिलेगी। योजना निर्मित होने के पश्चात योजना क्षेत्र की कुल 16923 जनसंख्या को इसका लाभ प्राप्त होगा एवं निर्माण के पश्चात 20 वर्षों तक यह सुचारु रुप से कार्य करेगी।

योजना के निर्माण हेतु पीनाकोट ग्राम के समीप रामगंगा नदी से पंपिग के माध्यम से पेयजल पाइप लाइन द्वारा आसपास के ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त पाइप लाइन आंशिक रुप से वन क्षेत्र से हो कर गुजरेगी, जिसका विवरण संलग्न मानचित्रों में प्रदर्शित किया गया है। योजना निर्माण से कोई भी वृक्ष प्रभावित नही होगा, साथ ही किसी भी निवासी को स्थानान्तरित नहीं किया जाएगा।

तद्नुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः उत्तराखण्ड पेयजल निगम के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

(सीमा बिष्ट)
अपर सहायक अभियन्ता
उत्तराखण्ड पेयजल निगम
भिकियासैण, अल्मोड़ा

(के० एन सेमवाल)
सहायक अभियन्ता
उत्तराखण्ड पेयजल निगम भिकियासैण,
अल्मोड़ा

(वी० के रवि)
अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड पेयजल निगम
भिकियासैण, अल्मोड़ा
Executive Engineer
Uttarakhand Peyjal Sansadhan
Avam Nirman Nigam

Scanned by CamScanner